Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government not to use the allotted amount of Dholpur sewage line project in other work in Rajasthan

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मेरे क्षेत्र में पिछली बार एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से हुआ था । धौलपुर शहर में अमृत योजना के तहत सीवरेज लाइन बिछाने के लिए 117 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था । इस 117 करोड़ रुपये में से लगभग 72 प्रतिशत काम हो चुका है और 28 प्रतिशत काम बाकी है । अभी मेरी जानकारी में आया है कि राजस्थान सरकार द्वारा मेरे क्षेत्र में जो 28 प्रतिशत काम बचा हुआ था, उसके लिए राज्य सरकार बजट में कटौती करके उस पैसे को कहीं अन्य जगह पर काम में लेना चाहती है । अध्यक्ष महोदय, यह धौलपुर क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा अन्याय होगा । मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी और आप राज्य सरकार को आदेश दें कि जो पैसा धौलपुर सीवरेज लाइन के लिए अमृत योजना के तहत आवंटित किया गया था, उसको पूरे धौलपुर शहर में ही इस्तेमाल किया जाए । उसको अन्यत्र कार्यों में जाने से रोका जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी. पी. जोशी एवं श्री दुष्यंत सिंह को डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।